<u>समाचार</u>

11 अक्टूबर को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 10 अक्टूबर 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट मंगलवार 11 अक्टूबर को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 अक्टूबर मंगलवार को वार्ड क्र. 01 सर्वमंगलापारा जैतखाम के पास, वार्ड क्र. 14 मैग्जिनभांठा सामुदायिक भवन मंच दशहरा मैदान के पास, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर मंदिर के पास, वार्ड क्र. 34 पुराना रिसदा सामुदायिक स्टेज के पास दुर्गा पण्डाल के पास, वार्ड क्र. 41 परसाभांठा कांजी हाउस के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 51 केंदईखार नीलम मितानिन घर के पास, वार्ड क्र. 60 गेवरा चौक मंदिर के पास, वार्ड क्र. 66 शिव मंदिर के पीछे स्टेज के सामने कैम्प लगाए जाएंगे। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने संबंधित वार्ड पार्षदों से अपील करते हुए कहा है कि वार्डो में लगने वाले मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविरों की जानकारी वार्ड के नागरिकों को देने के साथ ही शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी निःशुल्क जांच व बीमारियों का इलाज करा सके तथा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।